संजू सैमसन का करियर रिस्टार्ट हो गया है अब उन्हें टीम में मौका दिया जायेगा या नहीं।

- गौतम गंभीर

पूर्व सलामी बल्लेबाज, चयनकर्ताओं पर सवाल उठाते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

एबी डीविलियर्स

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज और कप्तान एबी डीविलियर्स ने विराट कोहली को आउट करने का तरीका बताया है। दरअसल, भारतीय क्रिकेट टीम साउथ अफ्रीका के दौरे पर गई हुई है, जहां टीम इंडिया टी20 और वनडे सीरीज खेल चुकी है। अब बारी टेस्ट सीरीज की है, जो 26 दिसंबर से शुरू होने वाली है। साउथ अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज और कप्तान एबी डीविलियर्स ने बताया है कि "विराट कोहली जैसे बल्लेबाजों को आउट करने का सिर्फ एक ही तरीका होता है। उन्हें सिर्फ अनऑर्थोडॉक्स तरीके से चौथे स्टंप पर गेंदबाजी करती रहनी चाहिए।

क्या आप जानते हैं ?... अपने टेस्ट जीवनकी पहली श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भारत के सुनील गावस्कर के नाम है। गावस्कर ने 1970-71 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 774 रन बनाये।

बांग्लादेश की तेज गेंदबाजी के सामने कीवी ढेर

तीसरा और अंतिम एक दिवसीय मैच नौ विकेट से जीतकर न्यूजीलैंड के क्लीन स्वीप के इरादे को विफल किया

नेपियर, 23 दिसंबर। शोरिफुल इस्लाम (22 रन पर तीन विकेट), तंजीम हसन साकिब (14 रन पर तीन विकेट) और सौम्य सरकार (18 रन पर तीन विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की मदद से बांग्लादेश ने शनिवार को श्रृखंला का तीसरा और अंतिम एक दिवसीय एक तरफा अंदाज में नौ विकेट से जीत कर न्यूजीलैंड के क्वीन स्वीप के इरादे को विफल कर दिया।

मैक्लीन पार्क में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 31.4 ओवर में 98 रन बनाये। मात्र 99 रन के विजय लक्ष्य को बांग्लादेश ने एक विकेट खोकर 16वें ओवर में ही हासिल कर लिया। बांग्लादेश की पेस बैट्री के सामने मेजबान टीम आज आत्मसमर्पण की मुद्रा में नजर आयी। सलामी बल्लेबाज विल यंग (26) ने अपनी टीम के लिये बल्ले से सर्वाधिक योगदान दिया जबकि टॉम लेथम (21) ने भी कुछ देर विकेट पर बिता कर खतरनाक गेंदबाजी का सामना

किया। न्यूजीलैंड के छह खिलाड़ी तो अपने निजी स्कोर को दहाई के अंक तक भी पहुंचाने में असफल रहे।

जवाबी लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही जब सौम्य सरकार मात्र चार रन पर रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गये मगर बाद में अनामुल हक ((37) और कप्तान नजमुल शांतो (51) ने तेज रफ्तार से 69 रन जोड़ कर जीत की ओर कदम बढ़ा दिये। अनामुल विलियम ओरूर्क की गेंद पर विकेट के पीछे लपके गये जबकि नये बल्लेबाज लिटन कुमार दास (एक नाबाद) ने कप्तान के साथ मिलकर जीत की औपचारिकता को निभाया। इसके साथ ही न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। विल यंग को मैन आफ द सीरीज के सम्मान से नवाजा गया वहीं तंजीम हसन साकिब प्लेयर आफ द मैच घोषित किये गये।

शुक्ला दत्ता भारतीय अंडर-19 महिला टीम की कोच नियुक्त

नई दिल्ली 23 दिसंबर। पूर्व अंतरराष्ट्रीय फुटबाल खिलाड़ी शुक्ला दत्ता को अगले साल फरवरी में खेली जाने वाली सैफ चैंपियनशिप के लिए भारतीय अंडर-19 महिला टीम का कोच नियुक्त किया गया है। पूर्व कप्तान आईएम विजयन की अध्यक्षता में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति की बैठक शनिवार को यह फैसला किया गया। बैठक में एआईएफएफ के कार्यवाहक महासचिव सत्यनारायण एम, तकनीकी समिति के उपाध्यक्ष मनोरंजन भट्टाचार्य, सदस्य पिंकी बोमपाल मगर,हरजिंदर सिंह,अरुण मल्होत्रा, क्लाइमेक्स लॉरेंस, यूजीनसन लिंगदोह और तकनीकी निदेशक सैयद साबिर पाशा ने भाग लिया।

समिति ने शुक्ला दत्ता को भारतीय अंडर 19 महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। भारत की पूर्व अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त दत्ता ने पहले भारतीय अंडर 17 महिला टीम को कोचिंग दी है और राइजिंग स्टूडेंट क्लब को 2017-18 भारतीय महिला लीग खिताब दिलाया है। समिति ने भारत की पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी श्रद्धांजलि सामंतराय को सहायक कोच और लौरेम्बम रोनिबाला चानू को गोलकीपर कोच नियुक्त किया।

चोटिल रुतुराज गायकवाड़ टेस्ट सीरीज से बाहर

मुबंई, 23 दिसंबर। उंगली में चोट के कारण सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृखंला से बाहर कर दिया गया है। वहीं तेज गेंदबाज हर्षित राणा हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरु हो रहे चार दिवसीय मैच में नहीं खेलेंगे।

बीसीसीआई के मानद सचिव जय शाह ने शनिवार को जारी बयान में कहा गकेबरहा में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच में क्षेत्ररक्षण करते समय गायकवाड़ की दाहिनी अनामिका उंगली में चोट लग गई थी। उनका स्कैन कराया गया और विशेषज्ञ परामर्श के बाद, बीसीसीआई मेडिकल टीम ने उन्हें शेष दौरे से बाहर कर दिया है। वह अपनी चोट के इलाज के लिए बेंगलुरु स्थित एनसीए को रिपोर्ट करेंगे। भारतीय टीम में उनके स्थान पर अभिमन्यु ईश्वरन को शामिल किया गया है।

उधर, तेज गेंदबाज हर्षित राणा हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ 26 दिसंबर से बेनोनी के विलोमूर पार्क में शुरू होने वाले चार दिवसीय मैच से बाहर हो गए हैं। चयन समिति ने रजत पाटीदार, सरफराज खान, आवेश खान और रिंकू सिंह को भारत ए की टीम में शामिल किया है, जबकि कुलदीप यादव को टीम से बाहर कर दिया गया है। दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच के लिए भारत ए की टीम इस प्रकार है :- अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, सरफराज खान, तिलक वर्मा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, आवेश खान, नवदीप सैनी, आकाश दीप, विधाथ कवरप्पा, मानव सुथार, रिंकू सिंह।

केरल को सात विकेट से हराकर यूपी नाकआउट दौर में

बड़ौदा, 23 दिसंबर। खेल के हर विभाग में केरल को बौना साबित करते हुये उत्तर प्रदेश ने अंडर 16 विजय मर्चेंट ट्राफी के नाकआउट चरण में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। जीएसएफसी ग्राउंड पर केरल की पहली पारी में 90 रन बनाये जिसके जवाब में उत्तर प्रदेश 348 रन बना कर पहली पारी में 258 रन की उपयोगी बढ त हासिल की। दूसरी पारी में हालांकि केरल के बल्लेबाजों ने संघर्ष किया और 289 रन बना लिये। मात्र 31 रनो के विजय लक्ष्य को यूपी ने तीन विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। केरल की पहली पारी को सस्ते में समेटने में अयान (चार विकेट) और प्राणवीर (तीन विकेट) ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की वहीं भावी शर्मा (85),अनमोल नौशारन (77) और अर्जुन त्यागी (45) ने शानदार पारी से अपनी टीम को विजयी लीड दिलायी। दूसरी पारी में कार्तिकेय वाष्नेय ने छह विकेट लेकर केरल की पारी को बड़े स्कोर पर जाने से रोक दिया।

पाक के स्पिनर नोमान अली ऑस्ट्रेलिया सीरीज से बाहर

मेलबर्न, 23 दिसंबर। चोट और फिटनेस की समस्या के कारण पाकिस्तान को गेंदबाजों की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। इस कड़ी में फिरकी गेंदबाज नोमान अली एपेंडिसाइटिस के कारण ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के आधिकारिक बयान में बताया गया है कि नोमान की सफल लेप्रोस्कोपिक एपेन्डेक्टोमी हुई है, और उनकी हालत फिलहाल स्थिर हैं। उनकी सेहत में तेजी से सुधार हो रहा है जिससे उम्मीद है कि उन्हे अस्पताल से जल्द छुट्टी मिल सकेगी। शुरुआत में अबरार अहमद के बैकअप स्पिनर के रूप में टीम में शामिल किए गए नोमान की अनुपस्थिति ने पाकिस्तान की गेंदबाजी चुनौतियों को बढ़ा दिया है, अबरार को चोट के कारण पहले ही बाहर कर दिया गया था। साजिद खान को एक प्रतिस्थापन के रूप में भेजा गया था।

ऑस्ट्रेलिया का पलटवार मगर मैच में भारत का पलड़ा भारी

मुबंई, 23 दिसंबर। तालिया मैकग्रा (73) के साथ एलिस पेरी (45) और बाद में कप्तान अलिसा हीली (32) के साथ उपयोगी भागीदारियों की मदद से आस्ट्रेलिया ने शनिवार को अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 233 रन बना कर भारत के खिलाफ 46 रन की लीड हासिल कर ली।

वानखेड़े स्टेडियम पर एकमात्र टेस्ट मैच के तीसरे दिन स्नेह राणा (54 रन पर दो विकेट) ने पेरी को चलता कर पनप रही साझीदारी का अंत किया जबकि बाद में कप्तान हरमनप्रीत (23 रन पर दो विकेट) ने मैकग्रा और हीली के विकेट जल्दी जल्दी झटक कर भारत की मैच में वापसी करा दी। भारत की कोशिश रविवार को भोजनावकाश से पहले आस्ट्रेलिया की दूसरी पारी को सस्ते में समेटने की होगी।

ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 233 रन बनाकर भारत के खिलाफ 46 रन की लीड हासिल की

पहली पारी में 187 रन से पिछड़ी आस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी की शुरुआत आक्रामक ढ ंग से की थी। सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी सात चौकों की मदद से 37 गेंदों पर 33 रन बना चुकी थी। इस बीच रन चुराने के चक्कर में ऋचा घोष के सीधे थ्रो ने उनकी गिल्लियां उडा दी।

राजस्थान सरकार का उपक्रम

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

नव वर्ष की करें शुरुआत
उद्योगों की स्थापना के साथ



सरल ई-नीलामी के माध्यम से

आधारभूत सुविधाओं युक्त औद्योगिक क्षेत्रों में करें उद्यम की स्थापना

कुल भूखण्ड	औद्योगिक भूखण्ड	व्यावसायिक भूखण्ड	आवासीय/ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड	दुकानें	कियोस्क (1), वे ब्रिज (1), वेयर हाउस (2), नर्सिंग होम (2), संस्थानिक (3) आई.टी. उद्योग (1)
481	397	18	17	39	10

ईएमडी: प्रारम्भ तिथि : 26 दिसम्बर, 2023 (प्रातः 10:00 बजे) — अंतिम तिथि : 18 जनवरी, 2024 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड: प्रारम्भ तिथि : 19 जनवरी, 2024 (प्रातः 10:00 बजे) — अंतिम तिथि : 23 जनवरी, 2024 (सायं 05:00 बजे)

14 आबू रोड़	11 किशनगढ़
16 अजमेर	03 झुन्झुनू
26 बालोतरा	05 जोधपुर
06 बांसवाड़ा	70 मण्डोर
13 भरतपुर	25 सवाईमाधोपुर
10 बीकानेर	06 झालावाड़
14 बोरानाडा	13 कोटा
02 सीकर	08 चूरू

ईएमडी: प्रारम्भ तिथि : 26 दिसम्बर, 2023 (प्रातः 10:00 बजे) — अंतिम तिथि : 19 जनवरी, 2024 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड: प्रारम्भ तिथि : 22 जनवरी, 2024 (प्रातः 10:00 बजे) — अंतिम तिथि : 24 जनवरी, 2024 (सायं 05:00 बजे)

10 अलवर	07 ईपीआईपी, सीतापुरा (जयपुर)
10 भिवाड़ी-I	17 राजसमंद
10 भिवाड़ी-II	16 पाली
10 नीमराना	26 उदयपुर
05 धीलोठ	22 नागौर
12 जयपुर (उत्तर)	39 भीलवाड़ा
08 जयपुर (दक्षिण)	20 जालोर
23 जयपुर (ग्रामीण)	04 दौसा

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किस्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ*

वीडियो को देखने के लिए 'RIICO e-Auction' YouTube पर खोजें
ई-नीलामी ट्यूटोरियल के लिए स्कैन करें
सामान्य प्रश्नों के लिए स्कैन करें

*T&C Apply

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005
ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएपः +91 9001306515, ई-मेलः riico@riico.co.in
ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें www.riico.co.in

Raj. Samwad/C/23 / 11953

राजस्थान

ऑनलाइन व्यापार का झांसा देकर 50.56 लाख रूपये हड़पने का आरोपी गिरफ्तार

इंटरनेशनल फाइव स्टार होटल में प्रतिनिधि बनने का झांसा देकर ऑनलाइन साईबर ठगी की

सादुलपुर, (निसं)। लगभग दो माह पूर्व शहर में एक व्यक्ति के साथ ऑनलाइन डिजिटल व्यापार का झांसा देकर रॉयल्टी के नाम पर 50 लाख 56 हजार रुपए ऑनलाइन साईबर ठगी करने के आरोप में राजगढ थाना पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर लिया है। राजगढ़ थानाधिकारी सुभाष चंद्र ढील सीआई ने बताया कि आरोपी वृषब शर्मा उर्फ ऋभ शर्मा पुत्र राजेश रामनिवास शर्मा ब्राह्मण उम्र 27 साल निवासी हुड्डा कॉलोनी पुलिस थाना गुडगांव हरियाणा को देहरादून से गिरफ्तार किया।

उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ महाराष्ट्र बिहार, उत्तर प्रदेश में साइबर फ्रॉड के मामले दर्ज हैं, तथा आरोपी की ओर से सादुलपुर के वार्ड 8 निवासी इस्पाक अली पुत्र मोहम्मद अली कायमखानी को इंटरनेशनल होटल में प्रतिनिधि बनाने के नाम पर वेबसाइट दिखाकर एवं सर्वे करवाकर अच्छा मुनाफा देने के नाम पर 56 लाख 50 हजार रूपये का फ्रॉड किया था। उन्होंने बताया कि दर्ज मामले के बाद पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की तथा पीड़ित के बैंक खाता ओर जिन-जिन बैंक खातों में रुपए ट्रांसफर करवाया गया, उनकी बैंक डिटेल को खंगाल गया तथा प्राप्त रिकॉर्ड का तकनीकी जांच किया जाकर साक्ष्य जुटाये गये तथा प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है तथा पूछताछ जारी है। इसके बाद मामले में शामिल अन्य लोगों को भी गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जाएगी।

- **रॉयल्टी की कमाई और बोनस देने के नाम पर 50 लाख 56 हजार हड़पने का आरोप**

थानाधिकारी ने बताया कि साइबर फ्रॉड मामले में जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित टीम ने गत दो महीना से लगातार जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है तथा इस कार्रवाई में हैड कांस्टेबल सुनील कुमार, पवन कुमार कास्टेबल तथा करण सिंह कास्टेबल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस सम्बंध में थाना अधिकारी सुभाष चंद्र ने बताया कि शहर के वार्ड नंबर आठ निवासी पीडित एक युवक ने 10 अक्टूबर 2023 को राजगढ़ थाने में मामला दर्ज करवाकर बताया कि 28 सितंबर 2023 को उसके टेलीग्राम पर एक मैसेज दिव्या पूनिया के नाम से आया तथा काम के लिए ऑफर किया तथा अपने बारे में जानकारी प्राप्त की तथा उसे काम के बारे में बताया कि आपकी जॉब प्लेटफार्म में दिए गए होटल को आरक्षित करना होगा और प्रत्येक आरक्षण के लिए आपको कमीशन मिलेगा। इसके लिए आपको प्लेटफार्म पर एक खाते की आवश्यकता है तथा आपको ग्राहक सेवा पंजीकरण करने के लिए बताया जाएगा, फिर आपके मार्गदर्शन दिया जाएगा। कमीशन कैसे अर्जित करें और यह भी बताया कि आपको 5-10 मिनट में 1000 से 1500 रूपये मिलेंगे। जिसके बाद उसने अकाउंट ओपन किया तथा जैसा बोला वैसा कर दिया और उनके बताए अनुसार 30 टास्क कंप्लीट किया। फिर विदड्रॉ 24 हजार रूपये का आया और बाद में डीलक्स रिजर्वेशन के बारे में बताया और कहा कि आप रोजाना 3 सेट और 30 टास्क करो। इसके अलावा उसे मीनिंग ओर अकाउंट रिन्यू के लिए 10 हजार डिपॉजिट के लिए बोला गया। और उसे कंज्यूमर सर्विस से जोड दिया। फिर 29 सितंबर 2023 को उसने 10000 पेमेंट किया, जिससे उसका अकाउंट अपडेट हुआ और उसका अकाउंट क्लियर किया। जिसके बाद उसने 30 सेट कंप्लीट किया। तथा 5481 रुपए का प्रॉफिट हुआ। पीड़ित ने दर्ज मामले में बताया कि इस प्रकार उसके साथ कुल 50 लाख 56 हजार रुपए का फ्रॉड हुआ है। जिस पर राजगढ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

मुख्यमंत्री 28 को खेतड़ी आएंगे

खेतड़ी, (निसं)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संभावित खेतड़ी के रामकुमारपूरा के दौरे को लेकर शनिवार शाम को अधिकारियों ने समारोह स्थल का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने समारोह में बनने वाली हेलीपैड को लेकर आवश्यक जानकारी जुटाई। मुख्यमंत्री के 28 दिसंबर को खेतड़ी दौरे को लेकर विधायक इंजी. धर्मपाल गुर्जर, सांसद नरेंद्र खींचड़ एसडीएम जय सिंह, एडिशनल एसपी शालिनी राज ने सभा स्थल व हेलीपैड का जायजा लिया। इस दौरान विधायक धर्मपाल गुर्जर ने बताया कि उनके पिता शाहिद रामकुमार गुर्जर की पुण्यतिथि पर ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। भजनलाल शर्मा के मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली आम सभा व विशाल किसान सम्मेलन को संबोधित करने के लिए मुख्यमंत्री खेतड़ी में आ रहे हैं।

एसडीएम जय सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर हेलीपैड में सभा स्थल का जायजा लिया गया है। मुख्यमंत्री के प्रोग्राम के लिए रूपरेखा बनाई जा रही है। इसकी रिपोर्ट कलेक्टर के द्वारा सीएमओ में भेजी जा रही है। इस मौके पर डीएसपी सतीश वर्मा, सीआई आसाराम गुर्जर, बबाई थानाधिकारी सरदारमल यादव, बीसीएमओ डॉ. हरीश यादव, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन ताराचंद सैनी, सुमेर पटवारी, एडवोकेट रोहिताश्व मनकस, रामनिवास लादी, रमेश गिराटी, सुरेंद्र काजला, बबलू अवाना, मंगलचंद, राजेश पायल, सुरेंद्र लॉयल, रमेश गुर्जर सहित अनेक लोग मौजूद थे।

स्कूलों में शीतकालीन अवकाश कल से

बीकानेर, (निसं)। राजस्थान के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में 25 दिसम्बर से 5 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। छह जनवरी और इसके बाद भी तापमान ज्यादा गिरा तो सर्दी छुट्टियां बढ़ सकती हैं, जिसके लिए जिला कलेक्टर को अधिकृत किया जाएगा।

शिक्षा विभाग की ओर से जारी शिविरा पंचांग के मुताबिक पच्चीस दिसम्बर से 5 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। इस दौरान सरकारी और प्राइवेट स्कूल बंद रहेंगे। आमतौर पर शिक्षा विभाग के सर्दी ज्यादा होने पर जिला कलेक्टर को अवकाश के लिए अधिकृत कर देते हैं। इस बार भी प्रदेश के कई जिलों में जनवरी के दूसरे सप्ताह में सर्दी कम नहीं होने की स्थिति में कलेक्टर को ये अधिकार मिल सकता है कि वो अपने जिले के मौसम के अनुसार छुट्टियां बढ़ा दें।

माध्यमिक शिक्षा निदेशालय से इस संबंध में सभी कलेक्टरों को पत्र भेजा जाता है। खासकर पश्चिमी राजस्थान के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, बीकानेर, जोधपुर, माउंट आबू, जैसलमेर, बाडमेर में पारा शून्य से दो-तीन डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है।

पांच जनवरी तक शीतकालीन अवकाश के बाद 17 जनवरी को गुरु गोविन्द सिंह जयंती का अवकाश है। वहीं सरकारी स्कूलों में 19 व 20 जनवरी को टीचर्स के शैक्षिक सम्मेलन के कारण अवकाश रहेगा। इन दो दिनों में प्राइवेट स्कूलों में अवकाश नहीं होगा। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के कारण सिर्फ उत्सव होगा।

राजस्थान सरकार का उपक्रम

RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

6 विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में
ई-वेस्ट रिसाईक्लिंग व डिसमेंटलिंग इकाई
लगाने हेतु

कुल भूखण्ड 16

इंटीग्रेटेड रिसोर्स रिकवरी पार्क-थोलाई
जमवारामगढ़, जयपुर में ई-वेस्ट, प्लास्टिक वेस्ट, लीथियम आयन बैट्री रिसाईक्लिंग, बैट्री रिसाईक्लिंग, हानिकारक अपशिष्ट आदि की रिसाईक्लिंग व अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन संबंधी उद्योग लगाने हेतु

कुल भूखण्ड 20

सरल ई-नीलामी के माध्यम से भूखण्ड प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

2 अजमेर	4 भीलवाड़ा
2 राजसमन्द	4 मंडोर
2 जयपुर (ग्रामीण)	2 जयपुर (दक्षिण)

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किस्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ*

वीडियो को देखने के लिए 'RIICO e-Auction' YouTube पर खोजें
ई-नीलामी ट्यूटोरियल के लिए स्कैन करें
सामान्य प्रश्नों के लिए स्कैन करें

*T&C Apply

ईएमडी: प्रारम्भ तिथि : 26 दिसम्बर, 2023 (प्रातः 10:00 बजे) — अंतिम तिथि : 22 जनवरी, 2024 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड: प्रारम्भ तिथि : 23 जनवरी, 2024 (प्रातः 10:00 बजे) — अंतिम तिथि : 25 जनवरी, 2024 (सायं 05:00 बजे)

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005 ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएपः +91 9001306515, ई-मेलः riico@riico.co.in
ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन, भूखण्ड से संबंधित जानकारी एवं विशेष शर्तों के लिए देखें : www.riico.co.in

Raj. Samwad/C/23 / 11916